

नवभारत 04
इंदौर, शनिवार, 28 मार्च, 2026

# 80 दिन से गैस सिलेंडर नहीं मिला, सैकड़ों उपभोक्ता परेशान

- इंडेन एजेंसी पर कालाबाजारी, सब्सिडी हेरफेर और गड़बड़ी के गंभीर आरोप
- जागरूक नागरिक मंच के अध्यक्ष ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को भेजी विस्तृत शिकायत



**अलीराजपुर। जिले में रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। जिले की एकमात्र मुख्य इंडेन (इंडियन ऑइल) गैस एजेंसी मनोरमा गैस वितरण एजेंसी पर उपभोक्ता शोषण, अनियमितताओं, संभावित कालाबाजारी और सरकारी योजनाओं में हेरफेर के गंभीर आरोप लगे हैं।**

जागरूक नागरिक मंच के अध्यक्ष विक्रम सेन ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को एक विस्तृत शिकायती पत्र भेजा है। शिकायत में स्पष्ट किया गया है कि एजेंसी के पास लगभग 15 हजार उपभोक्ता कनेक्शन हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों कनेक्शन भी शामिल हैं। विक्रम सेन ने अपनी शिकायत में लिखा है कि उन्होंने 8 जनवरी 2026 को अंतिम गैस सिलेंडर प्राप्त किया था। उसके बाद ऑनलाइन बुकिंग करने के बावजूद 27 मार्च 2026 तक लगभग 80 दिन बीत गए, लेकिन सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हुई। ऑनलाइन बुकिंग को 10 दिन हो चुके हैं, फिर भी गैस नहीं आई। मोहल्ले में टंकी आने वाली है का झूठा आश्वासन देकर उपभोक्ताओं के साथ छल किया जा रहा है। जिले के हजारों उपभोक्ता इसी समस्या से जूझ रहे हैं। दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## एजेंसी पर लगे प्रमुख आरोप...

### 1. स्टाफ की भारी कमी

मानकों के अनुसार 15,000 कनेक्शनों के लिए लगभग 50 डिलीवरी स्टाफ होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में स्टाफ की भारी कमी के कारण पूरी वितरण व्यवस्था चरमरा गई है।

### 2. प्रणाली का उल्लंघन

सिलेंडर बिना सत्यापन के वितरित किए जा रहे हैं। यह गैस वितरण के निर्धारित नियमों का सीधा उल्लंघन है और धोखाधड़ी एवं रिकॉर्ड हेरफेर की ओर इशारा करता है।

### 3. सब्सिडी में हेरफेर और फर्जी प्रविष्टियां

उपभोक्ताओं का वास्तविक उपयोग 6-7 सिलेंडर प्रतिवर्ष हैं, लेकिन रिकॉर्ड में अधिक सिलेंडर दिखाए जाने की आशंका है। उज्ज्वला योजना एवं लाड़ली बहना योजना के सब्सिडी सिलेंडरों में भी अनियमितता की संभावना जताई गई है।

### 4. डिलीवरी शुल्क में गड़बड़ी

नियमानुसार ?30ङ्क35 का डिलीवरी शुल्क केवल होम डिलीवरी पर लिया जाना चाहिए, लेकिन उपभोक्ताओं से अनुचित शुल्क वसूला जा रहा है।

### 5. कालाबाजारी एवं कृत्रिम कमी की आशंका

जानबूझकर आपूर्ति में देरी कर कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है, जिससे कालाबाजारी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की...

1. एजेंसी की उच्चस्तरीय जांच (ह्ङ्क्षक्क रिकॉर्ड, स्टॉक, सब्सिडी डेटा सहित)
2. वितरण व्यवस्था सुधार के लिए अधिकृत अधिकारी की तत्काल नियुक्ति
3. दोष सिद्ध होने पर लाइसेंस निलंबन/निरस्तीकरण
4. आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत दंडात्मक कार्रवाई
5. प्रभावित उपभोक्ताओं को तत्काल गैस आपूर्ति
6. भविष्य के लिए स्थायी निगरानी तंत्र की स्थापना

## रसोई गैस एजेंसी पर ये नियम तोड़े जाने के लग रहे आरोप...

शिकायत में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि एजेंसी निम्नलिखित कानूनों एवं दिशा-निर्देशों का उल्लंघन कर रही है- एलपीजी मार्केटिंग डिसिप्लिन गाइडलाइंस (MDG-2022) गैस सिलेंडर (संशोधन) नियम, 2016 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 (सेवा में कमी एवं अनुचित व्यापार व्यवहार) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के दिशा-निर्देश ह्ङ्क्षक्क आधारित डिलीवरी अनिवार्य 24 से 48 घंटे में आपूर्ति डोरस्टेप डिलीवरी अनिवार्य मध्य प्रदेश शासन द्वारा 10 मार्च 2026 को जारी निर्देशों में स्पष्ट कहा गया था कि जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकी जाए। स्टॉक की नियमित समीक्षा हो। घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाए, इन निर्देशों की भी अवहेलना की जा रही है।

## एक नजर में

### सिम्बायोसिस प्रवेश परीक्षा के आवेदन करने जा रही बंद

इंदौर. सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) अपने फुल-टाईम अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए एसईटी 2026 (सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट) और एसआईटीईईई 2026 (सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम) के रजिस्ट्रेशन जल्द बंद करने जा रही है. इच्छुक छात्र 15 अप्रैल 2026 तक इन परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने वाले छात्र ध्यान दें कि इस अंतिम दिनांक को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा. दोनों कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है। इनके ज़रिए छात्र सिम्बायोसिस संस्थानों में बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश पा सकते हैं। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज़्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है. प्रवेश परीक्षा 2 मई और 10 मई को होगी। परिणामों की घोषणा 20 मई को की जाएगी. टेस्ट 01 के एडमिट कार्ड 24 अप्रैल और टेस्ट 02 के एडमिट कार्ड 30 अप्रैल को उपलब्ध होंगे.

### केनस्टार लाया 5-स्टार बीईई रेटेड एयर कूलर

इंदौर. केनस्टार ने बिजली की बचत और कूलिंग के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है. कंपनी ने भारत के पहले 5-स्टार बीईई रेटेड एयर कूलर लॉन्च किए हैं, जिन पर 5 साल की पक्की वारंटी दी जा रही है. इस नई शुरुआत के साथ केनस्टार ऐसा पहला ब्रांड बन गया है जो सर्टिफाइड बिजली बचत को लंबी वारंटी के भरोसे के साथ जोड़ रहा है. इससे ग्राहकों को कम बिजली बिल, दमदार परफॉरमेंस और लंबे समय तक चलने वाली कूलिंग का फायदा मिलेगा. लॉन्च के साथ ही केनस्टार ने एक खास कैंपेन भी शुरू किया है, जिसमें बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और पत्रलेखा नज़र आ रहे हैं. इस कैंपेन के जरिए भारत का पहला 5-स्टार और 5 साल की वारंटी का मैसेज बहुत ही आसान और दिलचस्प तरीके से लोगों तक पहुँचाया जा रहा है. केनस्टार के सीओओ संतोष भामरे ने कहा इस कैंपेन के जरिए हम लोगों को बिजली बचाने वाले कूलिंग विकल्पों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। हमारी नई रेंज ई-कॉमर्स साइट्स, दुकानों और ऑनलाइन चैनल्स पर आसानी से उपलब्ध है, ताकि देश के हर हिस्से में लोग इसे खरीद सकें.

### सैमसंग ने गैलेक्सी ए57 और ए37 5जी पेश किए

इंदौर. सैमसंग ने गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी लॉन्च किए. ये दोनों स्मार्टफोन गैलेक्सी ए सीरीज़ के नए मॉडल हैं, जिन्हें खासतौर पर उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो फोटोग्राफी, परफॉर्मेंस, एआई-इनेबल्ड रोज़मर्रा के फीचर्स और ड्यूरेबिलिटी को प्राथमिकता देते हैं. गैलेक्सीए57 5जी में एल्यूमिनियम फ्रेम दिया गया है, और 6.9 एमएम की मोटाई के साथ यह अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी ए सीरीज़ डिवाइस है. गैलेक्सी ए57 5जी के पतले बेज़ल्स डिवाइस के विजुअल बैलेंस को बेहतर बनाते हैं गैलेक्सी ए57 5जी में 120 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट के साथ विज़न बूस्टर टेक्नोलॉजी दी गई है. इन डिवाइस में आईपी68 रेटिंग भी दी गई है, जिससे ये पानी और धूल से सुरक्षित रहते है. इनमें छह एंड्रॉयड ओएस अपग्रेड्स और छह साल तक सिक्योरिटी अपडेट्स मिलेंगे. इनमें 50 एमपी का मेन कैमरा दिया गया है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन और 1.0 माइक्रोन का बड़ा पिक्सल सेंसर है. इसके साथ बेहतर इमेज सिग्नल प्रोसेसिंग (आईएसपी) और लो नॉइज़ मोड मिलता है.

### अर्जुन रामपाल बिलियनेयर में मुख्य भूमिका में

इंदौर. मुफ्त, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने एमेज़ॅन विज्ञापन के 'कनेक्टेड वर्ल्ड्स' इवेंट में शानदार माहौल बनाया, जहां उसने अपनी आगामी ओरिजिनल सीरीज़ बिलियनेयर का ऐलान किया. इस सीरीज़ में मुख्य भूमिका में अर्जुन रामपाल नजर आएंगे. बदलते हुए भारत के परिदृश्य में, बिलियनेयर एक शक्तिशाली उद्योगपति के उदय की कहानी है, जो प्रभाव और महत्वाकांक्षा का साम्राज्य खड़ा करने के लिए नियमों को अपने हिसाब से बदल देता है. सीरीज़ के बारे में बात करते हुए, एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर के हेड ऑफ कंटेंट, अमोघ दुसाद ने कहा बिलियनेयर महत्वाकांक्षा, शक्ति और सफलता की कीमत की कहानी है. एमेज़ॅन ऐड्स इवेंट में इस सीरीज़ का अनावरण करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो हमारे ओरिजिनल्स के अगले चरण की दिशा तय करता है. हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल जैसे फिल्मकारों के साथ सहयोग इस प्रोजेक्ट को गहरी रचनात्मकता और दूरदर्शिता देता है, वहीं अर्जुन रामपाल इस दमदार किरदार में गंभीरता और तीव्रता जोड़ते हैं.

### हंसदास मठ पर दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव



इंदौर. एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर पवनदास महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव का शुभारंभ बुधवार 1 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे अखंड रामायण पाठ के साथ होगा। शाम 7 बजे पंचमुखी चिंताहरण हनुमानजी के विग्रह का अभिषेक होगा। भक्तों को अभिमंत्रित कवच का वितरण भी किया जाएगा. मठ के पुजारी अमितदास महाराज ने बताया कि गुरुवार 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के मुख्य महोत्सव पर सुबह 6.30 बजे जन्मोत्सव आरती के पश्चात शाम 4 बजे अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति और हवन होगा.

### टास्कअस ने महिला उद्यमिता को बढ़ावा दिया

इंदौर. महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करते हुए, टास्कअस इंक. ने ऐम फॉर द अवेयरनेस ऑफ सोसायटी (एएएस) के साथ साझेदारी करके इंदौर में एक तीन-दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यशाला का आयोजन किया. इस कार्यशाला का उद्देश्य सुविधाओं से वंचित समुदायों की महिलाओं को स्थायी आजीविका बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ तैयार करना था. शी इनक्यूबेट्स पहल के तहत आयोजित सोच से उद्यम तक- बिल्डिंग आंत्रप्रेन्योरल थिंकिंग नामक इस कार्यशाला में आर्थिक रूप से कमज़ोर पृष्ठभूमि से आने वाली 25 महिलाओं ने भाग लिया.

### रामलला के जयकारों से गूंजा राम मोहल्ला



**पेटलावद।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर आज पेटलावद नगर पूरी तरह राममय नजर आ रहा है। राम नवमी के पावन अवसर पर राम मोहल्ला स्थित प्राचीन राम मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान की विशेष महाआरती का आयोजन किया गया। पंडित पीयूष जोशी के सान्निध्य में संपन्न हुई इस आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जिन्होंने दर्शन लाभ लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। आरती के दौरान मंदिर परिसर %जय श्री राम% के जयघोष से गुंजायमान रहा। श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित इस यात्रा में मधुर बैंड और ढोल-ताशों की थाप पर भक्त झूमते नजर आएंगे। यात्रा के मुख्य आकर्षणों में प्रभु श्री राम का मनमोहक दरबार, दिव्य झांकियां, हैरतअंगेज अखाड़ा प्रदर्शन और क्षेत्र की संस्कृति को दर्शाता पारंपरिक आदिवासी नृत्य शामिल रहेगा। यह भव्य शोभायात्रा श्री बड़ा राम मंदिर शीतला माता चौक से शुरू होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। यात्रा का समापन राम मोहल्ला स्थित राम मंदिर पर महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ होगा। समिति ने समस्त नगरवासियों से सपरिवार इस ऐतिहासिक उत्सव का हिस्सा बनने की अपील की है।

# श्री राधाकृष्ण सरकार मंदिर में मनाया मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव

- अयोध्या से लाई गई श्रीराम दरबार की प्रतिमा का अभिषेक कर पूजन किया



**झाबुआ।** शहर के हृदयस्थल राजवाड़ा स्थित श्री राधाकृष्ण सरकार मंदिर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव 27 मार्च, शुक्रवार दोपहर ठीक 12 बजे मनाया गया। जानकारी देते हुए मंदिर के मंहत मनीष बैरागी एवं अजय बैरागी ने बताया कि प्रात:काल अयोध्या धाम से लाई गई भगवान श्रीराम दरबार का पंचामृत से अभिषेक कर पूजन किया गया।

इसके बाद गर्भगृह की आकर्षक सजावट के साथ पूरे मंदिर को आकर्षित झांकी मंडप तैयार कर सजाया गया। जन्मोत्सव की आरती मंहत मनीष बैरागी द्वारा उतारी गई। भक्तों को पंजेरी, पंचामृत, सूखे मेवे, ऋतु फलों और 300 लीटर ठंडाई का वितरण किया गया। वृंदावन धाम से लाई गई भगवान की पोषाक के दर्शन हेतु देर शाम तक सिलसिला चलता रहा। मंदिर के दोनों मंहत मनीष एवं अजय बैरागी ने शहर की धर्मप्रेमी जनता को श्रीराम जन्मोत्सव कि शुभकामनाए दी। संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में तुलसी सेवा समिति प्रमुख देविका बैरागी, कविता बैरागी, निशा बैरागी, मंजुला सिसौदिया, कृष्णा तिवारी, दीपशिखा तिवारी, पंखुरी बैरागी मनीषा जोशी प्रशंसा, प्रिया सोनी, संदीप मिश्रा, सुरेश ठकराला, सुकुन निवास से सोनी परिवार आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# चैत्र नवरात्रि की नवमी पर महाकालिका-महादुर्गा का मां सिद्धिदात्री के रूप में किया सुंदर श्रृंगार

- नवरात्रि के अंतिम दिवस माताजी मंदिरों में भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए रहीं भारी भीड़



**झाबुआ।** चैत्र नवरात्रि पर्व के अंतिम दिवस नवमी पर शहर के माताजी मंदिरों में भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए अत्यधिक भीड़ देखने को मिली। नवमी पर प्राचीन महाकालिका माता मंदिर एवं प्राचीन अंबे माता मंदिर में माताजी का मां सिद्धिदात्री के रूप में श्रृंगार किया गया।

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर 26 मार्च, गुरुवार रात जहां भक्तों की माताजी की आरती एवं प्रसादी में विशेष भीड़ रहीं। वहीं नवरात्रि के अंतिम दिवस नवमी पर 27 मार्च, शुक्रवार को सुबह से ही माताजी मंदिरों में भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया। शहर के नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर में महाकालिका, मां अन्नपूर्णा एवं मां चामुंडा का अलसुबह 4 बजे सुंदर श्रृंगार मंदिर के सेवक कांतिलाल नानावटी ने किया। बाद अलसुबह 5 बजे से काकड़ आरती का आयोजन हुआ। काकड़ आरती में बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर मातारानी के सामूहिक जयघोष लगाएं। बाद सभी भक्तों को हलवे का प्रसाद मंदिर समिति की ओर से वितरित किया गया।

# महाराणा प्रताप जयंती मनाए जाने को लेकर राजपूत समाज की बैठक कल

- विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा कर रूपरेखा की जाएगी तैयार



**झाबुआ। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव-2026 को शौर्य के महाकुंभ के रूप में मनाने हेतु पिछली बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। इन निर्णयों के सफल क्रियान्वयन और आगामी रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हेतु 29 मार्च, रविवार दोपहर 12 बजे से स्थानीय बसंत कॉलोनी स्थित राजपूत भवन पर विशेष बैठक आयोजित की गई है।**

जानकारी देते हुए राजपूत समाज अध्यक्ष शंभूसिंह चौहान ने बताया कि बैठक के मुख्य चर्चा एवं स्वीकृत बिंदु समर कैंप का आयोजन करना, जिसमें समाज के बालक-बालिकाओं और युवाओं के लिए साफा बांधने एवं तलवारबाजी के विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य एवं ऐतिहासिक आतिशबाजी किए जाने, महाराणा प्रताप जयंती पर शहर में भव्य चल समारोह निकाले जाने, जिसमें समाजजनों की पारंपरिक राजपूतानी वेशभूषा का निर्धारण करने, वरिष्ठजनों एवं मार्गदर्शकों का विशेष सम्मान, क्षत्राणियों हेतु पारंपरिक राजपूती संस्कृति और श्रृंगार को दर्शाती प्रतियोगिता आयोजित किए जाने, सांस्कृतिक प्रस्तुति में भव्य घूमर एवं रजवाड़ी नृत्य का विशेष आयोजन, समाज के प्रत्येक घरों पर गौरवशाली क्षत्रिय प्रतीक चिन्ह लगाने का आव्हान करने, महाराणा प्रताप जयंती भव्य रूप से मनाए जाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर कार्यक्रमों की समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने आदि पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। समाज अध्यक्ष शंभूसिंह चौहान ने बैठक में समाज के सभी लोगों से आधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजनों को लेकर अपने अमूल्य सुझाव एवं विचार प्रस्तुत करने हेतु अपील की है।



# शिक्षकों के हित में लोकसभा में गूंजी आवाज
## TET अनिवार्यता पर पुनर्विचार की मांग

**आलीराजपुर।** सांसद अनिता चौहान ने आज लोकसभा में शासकीय शिक्षकों से संबंधित *TET (Teacher Eligibility Test)* परीक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर पुन: ञ्जश्वञ्ज परीक्षा की अनिवार्यता थोपना उनके मनोबल को कमजोर करने वाला निर्णय है।

सांसद चौहान ने कहा कि, जिन शिक्षकों ने लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए अपना अनुभव और योगदान दिया है, उन्हें बार-बार परीक्षा के दायरे में लाना न्यायसंगत नहीं है। न्होंने इस निर्णय को शिक्षकों के हितों के विपरीत बताते हुए सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की।

**चैत्र नवरात्रि** ▶ मंदिर में श्री रामायण मंडल ने दी सुमधर सुंदरकांड की प्रस्तुति, मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

# धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव, मंदिरों में उमड़ी भीड़

**झाबुआ।** शहर के श्रीराम एवं श्रीकृष्ण मंदिरों में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव 27 मार्च, शुक्रवार को धूमधाम से एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। दोपहर ठीक 12 बजे महाआरती का आयोजन हुआ।

पश्चात् विशेष प्रसादी का भक्तों को वितरण किया गया। शहर के सभी श्रीराम एवं श्रीकृष्ण मंदिरों में दिनभर भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए भीड़ रहीं। श्रीराम नवमी पर्व पर 27 मार्च, शुक्रवार को दिनभर उत्साह एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। सनातन समाजजनों द्वारा एक-दूसरे को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। अपने घरों पर भगवान श्रीराम की विशेष पूजन-पाठ करने के साथ घरों एवं प्रतिष्ठानों पर केसरिया ध्वज भी लगाएं गए। सोशल मीडिया पर भी श्रीराम जन्मोत्सव की बधाई देने का क्रम दिनभर चलता रहा।

श्रीराम नवमी पर्व पर शासकीय अवकाश होने से अधिकारी-कर्मचारी वर्ग द्वारा भी यह पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। शहर के श्रीराम एवं श्रीकृष्ण मंदिरों में दिनभर भक्तों की दर्शन पूजन के लिए भीड़ रहीं। मंदिरों में श्री रामलला एवं श्रीकृष्ण कन्हैयालाल के जयघोष गूंजायमान हुए। महाआरती एवं विशेष प्रसादी का हुआ आयोजन -शहर के राजवाड़ा स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर पर मंदिर समिति द्वारा दिनभर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। जिसमें प्रात:काल श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं का अभिषेक कर श्रृंगार मंदिर के पूजारी विशाल त्रिवेदी ने किया। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक मंदिर में श्री रामायण मंडल द्वारा सुमधुर संगीतमय, वाद्य यंत्रों के साथ सुंदरकांड की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी महाराज के भजनों पर भक्तों ने नृत्य करने का भी आनंद लिया। दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में आतिशबाजी की गई। इस दौरान भक्तों को मस्तक पर केसरिया तिलक भी लगाए गए। बाद बैंड-बाजों के साथ श्रीराम दरबार की महाआरती की गई। महाआरती के दौरान पूरा मंदिर एवं परिसर भक्तों की भीड़ से खचाखच रहा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्रीराम दरबार के दर्शन किए। बाद मंदिर परिसर में महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग स्टाल लगाकर प्रसादी वितरण किया गया। प्रसादी में भक्तों को पंचमेवे और पंजेरी का वितरण हुआ। महाआरती एवं प्रसादी वितरण व्यवस्था में विशेष सहयोग मंदिर समिति के सभी सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। इसी प्रकार लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित प्राचीन श्रीराम दरबार एवं कॉलेज मार्ग पर प्राचीन श्री जगदीश मंदिर में स्थापित श्रीराम दरबार में भी दोपहर 12 बजे महाआरती बाद भक्तों को विशेष प्रसादी का वितरण किया गया। समीपस्थ रंगपुरा स्थित प्राचीन श्रीराम दरबार पर भक्तों द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ करने के साथ दोपहर 12 बजे महाआरती की गई और प्रसादी का वितरण किया गया। जिसके लाभार्थी वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. यशवंत भंडारी परिवार रहा। उक्त आयोजन में मंदिर से जुड़े भक्तजनों के साथ ग्रामीणजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं।

शहर के आजाद चौक के समीप श्री गोवर्धननाथ मंदिर, समीप श्री चारभुजानाथ मंदिर, राधाकृष्ण मार्ग स्थित श्री राधाकृष्ण सरकार मंदिर, समीप श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मंदिर, छोटे तालाब स्थित श्री राधाकृष्ण बिहारी मंदिर में भी श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे मंदिरों में महाआरती का आयोजन हुआ। तत्पश्चात् श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में पंचामृत, पंजेरी, केसरिया दूध, फल, मिष्ठान आदि का वितरण किया गया।

## झाबुआ यूथ ग्रुप ने निकाली शोभायात्रा

झाबुआ यूथ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में स्थानीय भगवा चौक (राजगढ़ नाका) से ढोल-ताशों और बैंड-बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जानकारी देते हुए झाबुआ युथ के विनय वर्मा ने बताया कि यात्रा में मुख्य आकर्षण सभी युवाजन एवं भक्तजन अपने हाथों में भगवान श्रीराम, श्री हनुमानजी महाराज और केसरिया ध्वज लेकर चले। विशेष रथ पर भगवान श्रीराम की सुंदर प्रतिमा विराजमान रहीं।